"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 13] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 1 अप्रैल 2022—चैत्र 11, शक 1944

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरःस्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 4 फरवरी 2022

क्रमांक ई 1-12/2020/एक-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2008 आवंटन वर्ष के अधिकारी श्री राजेश सिंह राणा को उनसे कनिष्ठ अधिकारी श्री नीरज कुमार बनसोड, भा.प्र.से. (2008) की प्रवर श्रेणी वेतनमान में नियुक्ति तिथि अर्थात दिनांक 01-01-2021 से सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान (पे मैट्रिक्स लेवल-13) में नियुक्त किया जाकर प्रबंध संचालक, छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक, राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद एवं मिशन संचालक, राज्य साक्षरता मिशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2022.

श्री राजेश सिंह राणा द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् प्रबंध संचालक, छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कमलप्रीत सिंह, सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 20-14/2022/11/(6).—चूंकि, राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव राज्य शासन एतद्द्वारा राज्य की औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत कंडिका 15.13, 15.21 एवं परिशिष्ट-6.19 के अनुसरण में "औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन" के माध्यम से राज्य में वृहद, मेगा, अल्ट्रा मेगा उद्योगों की स्थापना हेतु घोषित नीति के अंतर्गत मेसर्स एसबीटी टेक्सटाईल्स प्राईवेट लिमिटेड को उनके द्वारा एम.ओ.यू. में प्रस्तावित "टेक्सटाईल उद्योग" हेतु निम्नानुसार "विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज" घोषित करता है :—

विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज की सामान्य नियम व शर्तें

(1) इस पैकेज का लाभ मेसर्स एसबीटी टेक्सटाईल्स प्राईवेट लिमिटेड को घोषणा की दिनांक से पूर्व निष्पादित कर चुके एम.ओ.यू. में वर्णित परियोजना के लिये प्राप्त होगा.

(2) इस पैकेज में घोषित "आर्थिक निवेश प्रोत्साहन" की पात्रता के लिए आवश्यक होगा कि उद्योग द्वारा नीति में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप मेगा प्रोजेक्ट के लिए निर्धारित अर्हता पूर्ण किया जावे, अर्थात् नीति के परिशिष्ट-1 के बिन्दु क्रमांक-11 में वर्णित तालिका के अनुक्रमांक-4 के अनुसार प्रस्तावित उद्योग में रु. 10 करोड़ से अधिक का नवीन स्थायी पूंजी निवेश कर व्यावसायिक उत्पादन दिनांक 31-10-2024 के पूर्व प्रारंभ किया जाना आवश्यक होगा.

(3) जिन मदों में आर्थिक निवेश प्रोत्साहन दिया जाना है उनमें इकाई के द्वारा वार्षिक आधार पर मदवार भुगतान की गई/व्यय की गई राशि से अधिक आर्थिक निवेश प्रोत्साहन (अनुदान, छूट, रियायतें) दिया जाना मान्य नहीं होगा.

(4) इकाई को निम्नलिखित तालिका अनुसार अधिकतम आर्थिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जा सकेगा :—

क्र. (1)	आर्थिक निवेश प्रोत्साहन मद का नाम (2)	मान्य किया गया आर्थिक निवेश प्रोत्साहन (3)
1.	स्टाम्प शुल्क छूट	पूर्ण छूट
2.	विद्युत शुल्क छूट	नियम/पात्रतानुसार वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 06 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष तक पूर्ण छूट प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.
3.	नेट एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति	नियम/पात्रतानुसार वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 9 वर्षों तक भुगतान किये गये नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर की प्रतिपूर्ति, अधिकतम सीमा स्थायी पूंजी निवेश का 45 प्रतिशत तक सीमित प्रतिपूर्ति प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.

(1)	(2)	(3)
4.	ब्याज अनुदान	विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज के अंतर्गत मध्यम उद्योग श्रेणी के लिए "अ" श्रेणी के विकासखंड में उच्च प्राथमिकता उद्योग हेतु निर्धारित सीमा के आधार पर 35 प्रतिशत, अधिकतम राशि रुपये 35 लाख, 6 वर्ष तक के लिये प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.
5.	स्थायी पूंजी निवेश अनुदान	विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज के अंतर्गत मध्यम उद्योग श्रेणी के लिए "अ" श्रेणी के विकासखंड में उच्च प्राथमिकता श्रेणी उद्योग हेतु निर्धारित स्थाई पूंजी निवेश के मदों में हुए निवेश का अधिकतम 40 प्रतिशत अथवा राशि रु. 80 लाख प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.
6.	मेगा श्रेणी के प्रस्तावित उद्योग के आधार पर नीति के परिशिष्ट-1 के बिंदु क्रमांक-18 के प्रावधान के अनुसार नवीन इकाई के प्रकरण में मान्य निवेश की सीमा अवधि.	इकाई के वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से चौबीस माह तक किए गए मान्य स्थायी पूंजी निवेश को कुल निवेश में शामिल किये जाने की पात्रता होगी.
7.	प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान, दिव्यांग (नि:शक्त) रोजगार अनुदान.	नियम/पात्रतानुसार अनुदान प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.

(5) इस पैकेज के अंतर्गत इकाई को औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान, तकनीकी पेटेन्ट अनुदान एवं इनवायरमेंट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अनुदान (पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान) एवं औद्योगिक क्षेत्रों/औद्योगिक पार्कों में भू-आबंटन पर भू-प्रीमियम में छूट/रियायत आदि आर्थिक निवेश प्रोत्साहन यथा की पात्रता नहीं होगी.

(6) इस पैकेज के अंतर्गत इकाई के अधिकतम रु. 20 करोड़ की अधिकतम सीमा को मान्य करते हुए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा राशि रु. 12 करोड़ अधिकतम 10 वर्षों में (अधिकतम रु. 1.2 करोड़ प्रतिवर्ष) (अर्थात् ग्राह्य राशि रु. 20 करोड़ के 60 प्रतिशत तक) प्रदान किया जा सकेगा.

(7) इस पैकेज के यथा आवश्यक विस्तृत क्रियान्वयन दिशा-निर्देश छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा पृथक से जारी किये जायेंगे.

यह अधिसूचना के जारी होने की दिनांक से प्रवृत्त हुये समझी जावेगी.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 20-47/2015/11/(6).—चूंकि, राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 07-03-2015 द्वारा जारी "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015 (यथासंशोधित-2021)" में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

(एक) उक्त अधिसूचना के अध्याय-2 की कंडिका क्रमांक 2.5.7 को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है अर्थात् :—

2.5.7— विभाग द्वारा आबंटित अविकसित भूमि/लैण्ड बैंक से आबंटित भूमि के आबंटन की दरें :— ऐसी भूमि, जो औद्योगिक प्रयोजन हेतु अधिग्रहित की गई है तथा जिस पर सर्वे एवं डिमार्केशन को छोड़कर अन्य कोई विकास व्यय नहीं किया गया है, को अविकसित भूमि माना जायेगा. ऐसी निजी भूमि अर्जन के वर्तमान मूल्य/गाईड लाईन मूल्य पर किये गये

व्यय में 10 प्रतिशत राशि एवं भूमि की प्रब्याजि निर्धारित की जायेगी. उस क्षेत्र में समीपस्थ निजी भूमि के अर्जन मूल्य/गाईड लाईन मूल्य में से जो भी अधिक हो, में 10 प्रतिशत राशि एवं 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज राशि जोड़ कर भू प्रब्याजि निर्धारित की जायेगी ऐसी अविकसित भूमि का आबंटन विशेष परिस्थितियों में शासन के अनुमोदन से ही हो सकेगा.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को हस्तांतरित शासकीय भूमि के आबंटन के मामले में होने की दशा में भी आबंटन दिनांक से वित्तीय वर्ष हेतु उस क्षेत्र में समीपस्थ निजी भूमि के गाईड लाईन मूल्य के 150 प्रतिशत दर तथा 10 प्रतिशत सेवा शुल्क (यथा लागू कर अतिरिक्त) की राशि जोड़ कर भू प्रब्याजि निर्धारित की जायेगी ऐसी अविकसित भूमि का आबंटन विशेष परिस्थितियों में शासन के अनुमोदन से ही हो सकेगा.

ऐसी अविकसित भूमि का वार्षिक भू-भाटक निर्धारित भू-प्रब्याजि का 3 प्रतिशत की दर से लिया जायेगा एवं इस भूमि पर संधारण शुल्क नहीं लिया जायेगा.

परंतु, भविष्य में यदि ऐसे अविकसित क्षेत्र में राज्य शासन/निगम कोई विकास कार्य प्रारंभ करता है तो पूर्व के भूमि आबंटन के प्रकरणों में भी औद्योगिक इकाईयों को राज्य शासन/सी.एस.आई.डी.सी. द्वारा निर्धारित दरों पर भू-भाटक तथा संधारण शुल्क देना होगा.

परंतु, यदि किसी भूमि पर विकास कार्य प्रारंभ है, चाहे उस क्षेत्र में विकास पूर्ण नहीं हुआ है तो भी विकसित भूमि मानकर तदनुसार निर्धारित दरों से भू-प्रब्याजि, भू-भाटक तथा यथा निर्धारित संधारण शुल्क लिया जायेगा.

परंतु, नियमावली की कंडिका-2.13 के अंतर्गत लैण्ड बैंक से "4 हेक्टेयर या 10 एकड़ तक भूमि आबंटन" के मामलों में लीज होल्ड से फ्री-होल्ड होने वाली भूमि की प्रब्याजी के निर्धारण हेतु समीपस्थ विभागीय औद्योगिक क्षेत्रों में लागू प्रब्याजी की दर (संबंधित प्रयोजन हेतु) के आधार पर भूमि लीज होल्ड से फ्री-होल्ड करने हेतु देय राशि की गणना की जावेगी.

कंडिका के शेष बिन्दु यथावत रहेंगे.

(दो) उक्त अधिसूचना के अध्याय-3 की कंडिका क्रमांक 3.4.2.15 के पश्चात् नवीन कंडिका क्रमांक 3.4.2.16 का समावेश किया जाता है :—

3.4.2.16 — विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों के बाहर विभागीय आबंटित अविकसित भूमि/लैण्ड बैंक से पट्टे पर आबंटित भूमि के हस्तांतरण के प्रकरणों में की दरें :— विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों के बाहर विभागीय आबंटित अविकसित भूमि/लैण्ड बैंक से पट्टे पर आबंटित भूमि के हस्तांतरण के प्रकरणों में कंडिका 2.5.7 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार सांकेतिक भू-प्रब्याजि के निर्धारण के आधार पर हस्तांतरण शुल्क का निर्धारण किया जायेगा.

किन्तु, ऐसी दरें विभाग द्वारा विकसित समीपस्थ औद्योगिक क्षेत्र में लागू प्रब्याजि की दरों से अधिक नहीं होंगी. अर्थात् कंडिका 2.5.7 के अनुसरण में निर्धारित होने वाली अधिकतम सांकेतिक प्रब्याजि दरें विभाग द्वारा विकसित/संचालित समीपस्थ औद्योगिक क्षेत्र में लागू प्रब्याजि की दरों तक सीमित होगी.

यह संशोधन इस अधिसूचना के जारी होने की दिनांक से प्रवृत्त हुये समझे जावेंगे.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 20-49/2021/11/(6).—चूंकि, राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव राज्य शासन एतद्द्वारा राज्य की औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत कंडिका 15.13, 15.21 एवं परिशिष्ट-6.19 के अनुसरण में "औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन" के माध्यम से राज्य में वृहद, मेगा, अल्ट्रा मेगा उद्योगों की स्थापना हेतु घोषित नीति के अंतर्गत मेसर्स व्हीटेक प्लास्टिक प्राईवेट लिमिटेड को उनके द्वारा राज्य शासन के साथ निष्पादित एम.ओ.यू. में प्रस्तावित "प्लास्टिक उत्पाद उद्योग" हेतु

निम्नानुसार "विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज" घोषित करता है :—

विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज की सामान्य नियम व शर्तें

(1) इस पैकेज का लाभ "मेसर्स व्हीटेक प्लास्टिक प्राईवेट लिमिटेड" को इस अधिसूचना दिनांक से पूर्व निष्पादित किये जा चुके एम.ओ.यू. में वर्णित परियोजना के लिये प्राप्त होगा.

(2) इस पैकेज में घोषित "आर्थिक निवेश प्रोत्साहन" की पात्रता के लिए आवश्यक होगा कि उद्योग द्वारा नीति में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप मेगा प्रोजेक्ट के लिए निर्धारित अर्हता पूर्ण किया जावे, अर्थात् नीति के परिशिष्ट–1 के बिन्दु क्रमांक–11 के अनुसार प्रस्तावित उद्योग में रु. 100 करोड़ या इससे अधिक का नवीन स्थायी पूंजी निवेश कर व्यावसायिक उत्पादन दिनांक 31–10–2024 के पूर्व प्रारंभ किया जाना आवश्यक होगा.

(3) जिन मदों में "आर्थिक निवेश प्रोत्साहन" दिया जाना है उनमें इकाई के द्वारा वार्षिक आधार पर मदवार भुगतान की गई/व्यय की गई राशि से अधिक आर्थिक निवेश प्रोत्साहन (अनुदान, छूट, रियायतें) दिया जाना मान्य नहीं होगा.

(4) इकाई को निम्नलिखित तालिका अनुसार अधिकतम आर्थिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जा सकेगा :—

क्र. (1)	आर्थिक निवेश प्रोत्साहन मद का नाम (2)	मान्य किया गया आर्थिक निवेश प्रोत्साहन (3)
1.	स्टाम्प शुल्क छूट	पूर्ण छूट
2.	विद्युत शुल्क छूट	नियम/पात्रतानुसार वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 08 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष तक पूर्ण छूट प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.
3.	नेट एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति	नियम/पात्रतानुसार वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 7 वर्षों तक भुगतान किये गये नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर की प्रतिपूर्ति, अधिकतम सीमा स्थायी पूंजी निवेश का 40 प्रतिशत तक सीमित प्रतिपूर्ति प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.
4.	ब्याज अनुदान	विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज के अंतर्गत मध्यम उद्योग श्रेणी के लिए "अ" श्रेणी विकासखंड में प्राथमिकता उद्योग हेतु निर्धारित सीमा के आधार पर 35 प्रतिशत, अधिकतम राशि रुपये 30 लाख प्रतिवर्ष 5 वर्षों के लिये प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.
5.	स्थायी पूंजी निवेश अनुदान	विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज के अंतर्गत मध्यम उद्योग श्रेणी के लिए "अ" श्रेणी के विकासखंड में प्राथमिकता उद्योग हेतु निर्धारित स्थाई पूंजी निवेश के मदों में हुए निवेश का अधिकतम 35 प्रतिशत अथवा राशि रु. 70 लाख प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.
6.	मेगा श्रेणी के प्रस्तावित उद्योग के आधार पर नीति के परिशिष्ट–1 के बिंदु क्रमांक–18 के प्रावधान के अनुसार नवीन इकाई के प्रकरण में मान्य निवेश की सीमा अवधि.	इकाई के वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से चौबीस माह तक किए गए मान्य स्थायी पूंजी निवेश को कुल निवेश में शामिल किये जाने की पात्रता होगी.
7.	प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान, दिव्यांग (नि:शक्त) रोजगार अनुदान.	नियम/पात्रतानुसार अनुदान प्राप्त किये जाने की पात्रता होगी.

(5) इस पैकेज के अंतर्गत इकाई को औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान, तकनीकी पेटेन्ट अनुदान एवं इनवायरमेंट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अनुदान (पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान) आदि आर्थिक निवेश प्रोत्साहन की पात्रता नहीं होगी.

(6) इस पैकेज के अंतर्गत इकाई के अधिकतम रु. 100 करोड़ की अधिकतम सीमा को मान्य करते हुए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा राशि रु. 60 करोड़ अधिकतम 10 वर्षों में (अधिकतम रु. 6 करोड़ प्रतिवर्ष) (अर्थात् ग्राह्य राशि रु. 100 करोड़ के 60 प्रतिशत तक) प्रदान किया जा सकेगा.

(7) इस पैकेज के यथा आवश्यक विस्तृत क्रियान्वयन दिशा-निर्देश छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा पृथक से जारी किये जायेंगे.

यह अधिसूचना के जारी होने की दिनांक से प्रवृत्त हुये समझी जावेगी.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 20-70/2004/11/(6).—चूंकि, राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-02/2002/11/6, दिनांक 07-01-2003 द्वारा जारी "छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम-2002 (यथा संशोधित-2021)" में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

(एक) उक्त अधिसूचना के नियम-3 को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है अर्थात् :—

नियम —3

(3.1) ऐसी वस्तुएं जो परिशिष्ट-1 में उल्लेखित हैं, की दरों एवं शर्तों का निर्धारण छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी) द्वारा किया जावेगा तथा विभागों द्वारा परिशिष्ट-1 में उल्लेखित वस्तुओं का क्रय छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी) द्वारा निर्धारित दरों व शर्तों के अंतर्गत राज्य के ऑनलाईन पोर्टल से सीधे किया जा सकेगा.

परिशिष्ट-1 के फर्नीचर वर्ग में सम्मिलित सभी वस्तुओं की तीन साल की परफारमेंस गारंटी (Performance Guarantee) हेतु प्रावधान रहेगा. इस 03 साल की अवधि में यदि मरम्मत की आवश्यकता होगी तो फर्नीचर प्रदायकर्ता ही बिना किसी शुल्क के उक्त रिपेयरिंग कार्य करेगा.

(3.2) **परिशिष्ट-2** में उल्लेखित (कृषि विभाग के अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, प्रक्षेत्र वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि विपणन मंडी बोर्ड से संबंधित उत्पादन से विपणन तक की संपूर्ण क्रियाविधी एवं संबंधित गतिविधियों से संबंधित आईटमों) है, की दरों एवं शर्तों का निर्धारण "छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड" द्वारा किया जावेगा तथा विभागों द्वारा परिशिष्ट-2 में उल्लेखित वस्तुओं का क्रय "छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड" द्वारा निर्धारित दरों व शर्तों के अंतर्गत राज्य के ऑनलाईन पोर्टल से सीधे किया जा सकेगा.

(3.3) अन्य वस्तुएं जो परिशिष्ट-1 एवं 2 में उल्लेखित नहीं है, का क्रय संबंधित विभाग नियम-4 में उल्लेखित प्रक्रिया के अनुसरण में करेंगे.

(दो) उक्त अधिसूचना के नियम-4 की उपनियम 4.3 के बिन्दु 4.3.2 में निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है अर्थात् :—

नियम 4.3.2 — सीमित निविदा पद्धति :— साधारणत: ऐसे समस्त आदेशों के मामले में अपनाई जानी चाहिये जिसमें अनुमानित वार्षिक क्रय राशि रु. 10,001 से 1,00,000 (रुपए दस हजार एक से रुपए एक लाख) तक हो. इसमें निर्माताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों से सीधा संपर्क स्थापित कर क्रय किया जाता है. इसके लिए यदि विज्ञापन जारी किया जाये तो एक भारी राशि विज्ञापन पर खर्च होगी, इस लिये इससे बचने हेतु कम से कम तीन निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि या पंजीकृत निर्माता (जिस विभाग में प्रचलन हो) से सीमित निविदा के आधार पर क्रय किया जा सकेगा.

परंतु वे परिशिष्ट-1 की वस्तुयें जिनकी दर एवं विशिष्टियां छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी) द्वारा संचालित ई-मानक पोर्टल पर उपलब्ध न हों एवं परिशिष्ट-2 की वस्तुएं "छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड" की दरें निर्धारित न हों ऐसी वस्तुओं हेतु विभाग द्वारा नियम-4 में उपलब्ध प्रावधान का उपयोग कर उक्त सामग्री सीधे क्रय कर सकेगा, किन्तु ऐसे क्रय के लिये क्रेता विभाग को संबंधित सामग्री के तकनीकी स्पेसिफिकेशन (Technical Specification) का परीक्षण विक्रेता की साख एवं एल-1 मूल्य का निर्धारण स्वयं करेगा.

(तीन) उक्त अधिसूचना के नियम-4 की उपनियम 4.14 में निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है अर्थात् :—

उपनियम 4.14 — किसी भी स्थिति में ऐसा आदेश प्रारंभिक आदेश देने के 6 माह के बाद नहीं दिया जायेगा तथा ऐसा करते समय वस्तु की पूर्व निविदा द्वारा निर्धारित दर मूल्य का परीक्षण क्रेता द्वारा करने के बाद यह प्रमाणित किया जायेगा कि उक्त निर्धारित दर/मूल्य वस्तु के सामान्य बाजार दर/मूल्य से अधिक नहीं है.

यह भी कि परिशिष्ट-1 की वस्तु होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सी.एस.आई.डी.सी.) एवं परिशिष्ट-2 की वस्तु होने की स्थिति में "छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड" द्वारा पुनरावृत्ति आदेश उसी स्थिति में दिया जायेगा, जबकि नया दर-अनुबंध निष्पादित न हुआ हो.

किन्तु, पूर्व दर अनुबंध की वैधता में समयावृद्धि छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी)/छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा की गई हो (जो कि किसी भी परिस्थिति में 6 माह से अधिक नहीं होगी) तथा ऐसा करते समय वस्तु के दर निर्धारण मूल्य का परीक्षण क्रेता द्वारा करने के बाद यह प्रमाणित किया जायेगा कि उक्त दर अनुबंध/मूल्य, वस्तु के सामान्य बाजार दर/मूल्य से अधिक नहीं है.

किन्तु दर अनुबंध के 1 वर्ष से अधिक हो जाने की स्थिति में किसी भी तरह का पुनरावृत्ति आदेश नहीं दिया जायेगा.

(चार) उक्त अधिसूचना के नियम-7 के उपनियम 7.1 से 7.5 तक को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है अर्थात् :—

नियम-7 — जैसा कि नियम-3 में उल्लेखित है, छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी) परिशिष्ट-1 एवं "छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड" परिशिष्ट-2 की वस्तुओं की दरों एवं शर्तों का निर्धारण करेगा. विभागों द्वारा क्रय इन दरों व शर्तों के अंतर्गत निर्धारित इकाईयों से किया जा सकेगा. दरों व शर्तों के निर्धारण के लिये विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित की जावेगी.

7.1 छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी) परिशिष्ट-1 एवं "छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड" परिशिष्ट-2 के द्वारा विभिन्न निर्माणकर्ता/उत्पादनकर्ता एवं उनके अधिकृत प्रदायकर्ता का पंजीयन किया जावेगा.

7.1.1. छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी) परिशिष्ट-1 एवं "छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड" परिशिष्ट-2 के क्रय प्रक्रिया में लगने वाला निरीक्षण शुल्क एवं अन्य व्यय वास्तविक दरों पर देय होगा.

7.2 निविदा के माध्यम से वस्तुओं के दर निर्धारण नियम-4 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसरण में किया जावेगा. इस हेतु पंजीकृत इकाईयों को मान्य किया जावेगा तथा तद्नुसार सूची प्रकाशित की जायेगी.

7.3 सामान्यत: सामग्रियों की दरें एक वर्ष के लिये मान्य होंगी. परिशिष्ट-1 एवं 2 की वस्तु होने की स्थिति में नया दर अनुबंध निष्पादित न होने पर पूर्व दर अनुबंध की वैद्यता में अधिकतम 6 माह की वृद्धि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा की जा सकेगी, जो कि किसी भी परिस्थिति में मूल दर अनुबंध अवधि का समयावधि वृद्धि अवधि जोड़कर कुल एक वर्ष छ: माह से अधिक नहीं होगी.

7.4 "छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी) परिशिष्ट-1 एवं "छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड" परिशिष्ट-2 के द्वारा सभी वस्तुओं के मानक मापदंड का निर्धारण किया जायेगा. जिसमें समय-समय पर आवश्यकता अनुसार संशोधन किया जायेगा तथा इसके लिए विशेषज्ञों की सहायता लेगा.

7.5 "छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी)" परिशिष्ट-1 एवं "छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड" परिशिष्ट-2 में उल्लेखित वस्तुओं के बाजार मूल्यों की सतत समीक्षा करेगा.

(पांच) उक्त अधिसूचना के नियम 4.4.2 में वर्णित निविदा सूचना के प्रारूप जो कि वर्तमान में परिशिष्ट-2 है, को परिशिष्ट-3 क्रमांकित करते हुए छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा निर्धारित किये जाने वाले नवीन परिशिष्ट-2 में निम्नांकित वस्तुओं को सूचीबद्ध किया जाता है अर्थात् :—

परिशिष्ट-2

स. क्र. (1)	सामग्री का नाम (2)
1.	Agriculture Pesticide (Chemical)/Bio Pesticide (Bio)
2.	Agriculture Micronutrient
3.	Bio Fertilizer & Organic Fertilizer (Va Mycorrhiza Etc)
4.	Weedicide (Post Emergence & Pre Emergence) Cereals, Pulses, Oil Seed & Vegetables
5.	Oil Cake, Neem Cake, Rice Bran & Bone Mill
6.	Vermi Culture (Live Earth Material)
7.	Horticulture Produce Processing And Training Equipment (Pre Fabricated Pack House)
8.	Cattle And Poultry Feed Material
9.	Tissue Culture Plants Banana, bamboo, Shugarcane
10.	Bullock Drawn hand Operated Agricultural Implements
11.	Grafted Vegetable Plants
12.	Vermi Compost, City Compost & Pressmud
13.	Soil Testing Digital Mini Lab & Reffills
14.	Hybrid Maize Seed (Notified), Hybrid Paddy Seed (Notified), Hybrid Sun Flower Seed (Notified).
15.	Soil Testing Lab Equipment & Accessories
16.	Fisheries Material (Net, Thread, Fish Feed, Floating Fish Feed, Fish Ice Box, Cage)
17.	Quality Planting Material (Fruits/Agro Forestry/Flowers Plants & Flowers Seeds)
18.	Forestry Plants
19.	Medicinal & Aromatic Plants
20.	Vegetable Hybrid Seed
21.	Fisheries Areator
22.	"Horticulture Produce Processing And Training Equipment" (Pre-Fabricated Pack House, Power Tiller and other).
23.	Certified Vegetable Seed (Potato, Coriender, Methi, Garlic, Aravi, Ginger, Turmeric, Elephant Foot Yam)
24.	Plant Protection Equipment And Light Trap (Ppe)
25.	Lime, Gypsum Pyrite For Agriculture Use,
26.	Vegetable Growing Kit
27.	Power Operated Agriculture Implement/Machinery

उपरोक्त के साथ परिशिष्ट-1 से स्थानांतरित कर निम्नांकित उत्पादों को नवीन परिशिष्ट-2 में निम्नानुसार सूचीबद्ध किया जाता है :—

(यह वर्तमान में सीएसआईडीसी द्वारा निष्पादित दर अनुबंध की समयावधि पूर्ण होने पर ही छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास, निगम लिमिटेड द्वारा नवीन निर्धारण किया जायेगा.)

परिशिष्ट में वर्णित सरल क्रमांक (1)	परिशिष्ट-2 में नवीन अनुक्रमांक (2)	सामग्री का नाम/विवरण (3)
67	28	**वानिकी कार्य से संबंधित सामग्री**
	28.1	नीम खली
	28.2	बेनमील
	28.3	डी.ए.पी.
	28.4	सुपर फास्फेट
	28.5	फोरेट
	28.6	क्लोरोपायरिफास
	28.7	मोनोकोटोफास
	28.8	मेलाथियान
	28.9	रूट ट्रेनर-40 सेल ब्लॉक, क्षमता 80 से 85 सी.सी. (साईज - 350 × 220 × 100 MM)
	28.10	कोकोपीठ
	28.11	वर्मी कोलायड
68	29	**(अ) फलदार पौधा**
	29.1	आम (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
	29.2	ईमली (ऊंचाई-4 से 5 फिट)
	29.3	जामुन (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
	29.4	महुआ (ऊंचाई-4 से 5 फिट)
	29.5	चिरौन्जी (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
	29.6	आंवला (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
	29.7	हर्रा (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
	29.8	बहेड़ा (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
	29.9	कटहल (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
		(ब) औषधि पौधा
	29.10	तिखुर
	29.11	बैचांदी
	29.12	जिमीकांदा
	29.13	दहीमन
		(स) अन्य पौधा
	29.14	बरगद (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
	29.15	पीपल (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
	29.16	नीम (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
	29.17	सागौन रूटशूट (स्टेण्डर्ड साईज)
	29.18	डेन्ड्रोकैलेमस स्ट्रीक्टस राईजोम (दो वर्ष पुराना)
	29.19	बम्बूसा बैलकोवा राईजोम (दो वर्ष पुराना)
	29.20	बम्बूसा बलगेरिस राईजोम (दो वर्ष पुराना)
	29.21	क्लोनल नीलगिरी (ऊंचाई-1.5 से 2 फिट)

(1)	(2)	(3)
71	30	**अ—वानिकी कार्य से संबंधित सामग्री**
		30.1 कोलतार (डामर) केवल वानिकी कार्य हेतु
		30.2 ब्लैक जापान (पेन्ट) केवल वानिकी कार्य हेतु
		30.3 मेजरिंग टेप केवल वानिकी कार्य हेतु
		30.4 लारटॉप
		30.5 बायफनथ्रीन (10 प्रतिशत)
		30.6 इमिडियाक्लोप्रिड
		30.7 प्रोफेरोफॉस
		30.8 पेग टूथ सा हायलो बेक
		30.9 बायो इनरिच्ड जैविक खाद
		30.10 प्लान्ट ग्रोथ रेगूलेटर
		30.11 सॉ फाईल केवल वानिकी कार्य हेतु
71	31	**ब—विभिन्न प्रकार के पौधे**
		31.1 औषधि पौधा
		31.2 सतावर (ऊंचाई-2.5 से 3 फिट)
		31.3 सफेद मूसली (ऊंचाई-2.5 से 3 फिट)
		31.4 सर्पगंधा (ऊंचाई-2.5 से 3 फिट)
		31.5 बायबीडिंग (ऊंचाई-2.5 से 3 फिट)
		स—अन्य पौधा
		31.6 टिशू कल्चरल सागौन पौधा
		31.7 टिशूकल्चर बांस पौधा
		31.8 टूबोविया (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
		31.9 कचनार (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
		31.10 स्पैधोडिया (ऊंचाई-6 से 8 फिट)
		31.11 महोगनी
		31.12 जैंकरेंडा
		31.13 मिलिंग टोनिया

ये संशोधन इस अधिसूचना के जारी होने की दिनांक से प्रवृत्त हुये समझी जावेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज कुमार पिंगुआ, प्रमुख सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 18 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 1-04/2021/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा, भारतीय पुलिस सेवा के 2018 आवंटन वर्ष के निम्नांकित अधिकारियों को आवंटन वर्ष से 04 वर्ष की सेवा दिनांक 01-01-2022 को पूर्ण कर लेने तथा विभागीय परीक्षा पूर्ण करने के फलस्वरूप, भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियमावली, 2016 के नियम-3 तथा भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 6(ए)(3) में निहित

प्रावधान के तहत, उक्त तिथि अर्थात दिनांक 01-01-2022 से सेवा के वरिष्ठ वेतनमान (अनुसूची-III वेतन मैट्रिक्स स्तर-11, रु. 67,700-02,08,700) प्रदान करता है.

क्रमांक (1)	अधिकारी का नाम (2)
1.	श्री जितेन्द्र कुमार यादव नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली, दुर्ग
2.	श्री आन्जनेय वार्ष्णेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सुकमा
3.	सुश्री अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) बस्तर
4.	श्री योगेश कुमार पटेल नगर पुलिस अधीक्षक, रायगढ़
5.	श्री येदुवेल्ली अक्षय कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) नारायणपुर
6.	श्री चव्हान किरण गंगाराम नगर पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 18 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 1-04/2021/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा, भारतीय पुलिस सेवा के 2012 आवंटन वर्ष के निम्नांकित अधिकारियों को आवंटन वर्ष से 09 वर्ष की सेवा दिनांक 01-01-2021 को पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप, भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियमावली, 2016 के नियम-3 के अंतर्गत, उक्त तिथि अर्थात् दिनांक 01-01-2021 से सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान (पुनरीक्षित अनुसूची-III वेतन मैट्रिक्स स्तर-12, रु. 78,800-02,09,200) कंडिका-02 में उल्लेखित शर्त के अधीन प्रदान करता है :—

क्रमांक (1)	अधिकारी का नाम (2)
1.	श्री विवेक शुक्ला (सीजी-2012) पुलिस अधीक्षक, जिला-महासमुंद
2.	श्री शशि मोहन सिंह (सीजी-2012) सेनानी, 5वीं वाहिनी, छसबल, जगदलपुर
3.	श्री राजेश कुकरेजा (सीजी-2012) पुलिस अधीक्षक, (रेल) रायपुर
4.	श्रीमती श्वेता राजमणि (सीजी-2012) सेनानी, 20वीं वाहिनी, छसबल, महासमुन्द

(1)	(2)
5.	श्री विजय अग्रवाल (सीजी-2012) पुलिस अधीक्षक, जिला-जशपुर
6.	श्री रामकृष्ण साहू (सीजी-2012) पुलिस अधीक्षक, जिला-बलरामपुर

2. भारत सरकार द्वारा आयोजित आगामी मिड कैरियर प्रशिक्षण फेस-3 अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जावेगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 18 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 1-04/2021/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा, भारतीय पुलिस सेवा के 2011 आवंटन वर्ष के निम्नांकित अधिकारियों को आवंटन वर्ष से 09 वर्ष की सेवा दिनांक 01-01-2020 को पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप, भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियमावली, 2016 के नियम-3 के अंतर्गत, उक्त तिथि अर्थात् दिनांक 01-01-2020 से सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान (पुनरीक्षित अनुसूची-III वेतन मैट्रिक्स स्तर-12, रु. 78,800-02,09,200) कंडिका-02 में उल्लेखित शर्त के अधीन प्रदान करता है :—

क्रमांक (1)	अधिकारी का नाम (2)
1.	श्री दुखुराम आंचला (सीजी-2011) पुलिस अधीक्षक, जिला-मुंगेली
2.	श्री सरजू राम सलाम (सीजी-2011) सेनानी, 8वीं वाहिनी, छसबल, राजनांदगांव
3.	श्री गोवर्धन राम ठाकुर (सीजी-2011) सेनानी, प्रथम वाहिनी, छसबल, भिलाई
4.	श्री अजातशत्रु बहादुर सिंह (सीजी-2011) सेनानी, 9वीं वाहिनी, छसबल, दंतेवाड़ा

2. भारत सरकार द्वारा आयोजित आगामी मिड कैरियर प्रशिक्षण फेस-3 अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जावेगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 18 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 1-04/2021/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा, भारतीय पुलिस सेवा के 2013 आवंटन वर्ष के निम्नांकित अधिकारियों को आवंटन वर्ष से 09 वर्ष की सेवा दिनांक 01-01-2022 को पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप, भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियमावली, 2016 के नियम-3 के अंतर्गत, उक्त तिथि अर्थात् दिनांक 01-01-2022 से सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान (पुनरीक्षित अनुसूची-III वेतन मैट्रिक्स स्तर-12, रु. 78,800-02,09,200) कंडिका-02 में उल्लेखित शर्त के अधीन प्रदान करता है :—

क्रमांक (1)	अधिकारी का नाम (2)
1.	जितेन्द्र शुक्ला (सीजी-2013) सेनानी, 16वीं वाहिनी, छसबल, नारायणपुर

(1)	(2)
2.	श्री मोहित गर्ग (सीजी-2013) सेनानी, 14वीं वाहिनी, छसबल, बालोद
3.	श्री अभिषेक पल्लवा (सीजी-2013) पुलिस अधीक्षक, जिला-जांजगीर-चांपा

2. भारत सरकार द्वारा आयोजित आगामी मिड कैरियर प्रशिक्षण फेस-3 अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जावेगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 2 मार्च 2022

क्रमांक/एफ 7-01/2022/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री राजेश मिश्रा, (भापुसे-1990), संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर, छ.ग. को दिनांक 31-01-2022 से 09-02-2022 (कुल 10 दिवस) तक का अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश काल में श्री मिश्रा को अवकाश वेतन, भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश में जाने से पूर्व मिलते थे.

3. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश मिश्रा (भापुसे) अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

4. श्री राजेश मिश्रा, (भापुसे-1990), संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर, छ.ग. के उक्त अवकाश अवधि में संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर का चालू प्रभार श्रीमती अपोलिना एक्का, वरि. वैज्ञानिक अधिकारी, रायपुर, छ.ग. को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ सौंपा जाता है.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 8 मार्च 2022

क्रमांक/एफ-7/03/2018/दो-गृह/भापुसे.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 04-12-2021 जिसके द्वारा श्री डी.एम. अवस्थी, (भापुसे-1986) को दिनांक 06-12-2021 से 17-12-2021 (कुल 12 दिवस) तक का अर्जित अवकाश तथा भारत सरकार कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन क्रमांक F-31011/4/2008-Estt. (A) दिनांक 23-09-2008 के अनुसार 10 दिवस का अर्जित अवकाश नगदीकरण (समर्पित) करने की स्वीकृति प्रदान की गई है.

कोरोना के बढ़ते प्रभाव के कारण उक्त स्वीकृत अवकाश का लाभ श्री अवस्थी द्वारा नहीं लिये जाने से राज्य शासन एतद्द्वारा उक्त आदेश दिनांक 04-12-2021 को निरस्त किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज श्रीवास्तव, अवर सचिव.

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 2 मार्च 2022

क्रमांक/1084/एफ-11/26/2019/14-2.— छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्र. 24 सन् 1973) की धारा 5 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना क्र. 657/एफ-14/

36/2007/14-2, दिनांक 12 फरवरी, 2008 एवं अधिसूचना क्र. 603/एफ-11/26/2019/14-2, दिनांक 04 फरवरी, 2020 में निम्नलिखित संशोधन करती है अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में,—

शब्द "उप-मण्डी" के स्थान पर, शब्द "मण्डी" प्रतिस्थापित किया जाये.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. पैकरा, संयुक्त सचिव.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 2 मार्च 2022

क्रमांक/1084/एफ-11/26/2019/14-2.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक/1084/एफ-11/26/2019/14-2 रायपुर दिनांक 02-03-2022 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. पैकरा, संयुक्त सचिव.

Raipur, the 2nd March 2022

No./1084/F-11/26/2019/14-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 5 of the Chhattisgarh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government, hereby, makes the following amendment in the department's vide Notification No. 657/F-14/36/2007/14-2, dated 12th February, 2008 and Notification No. 603/F-11/26/2019/14-2, dated 04th February, 2020, namely :—

AMENDMENT

In the said notification,—

For the worlds "sub-market", the word "market" shall be substituted.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
K. C. PAIKARA, Joint Secretary.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 2 मार्च 2022

क्रमांक/1086/एफ-11/26/2019/14-2.—छत्तीसगढ़ कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्र. 24 सन् 1973) की धारा 5 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना क्र. 2337-3971-चौदह-3 भोपाल, दिनांक 16 अगस्त, 1975 में संशोधन करती है तथा मण्डी प्रांगण के निम्नलिखित स्थान, जिसमें संरचना, अहाता, खुला स्थान या परिक्षेत्र आता है, जिसके लिये इस विभाग की अधिसूचना क्र. 7721-8503-चौदह-1, दिनांक 28 अक्टूबर, 1964 द्वारा मण्डी स्थापित

की गई है, को उप-मण्डी प्रांगण घोषित करती है, अर्थात् :—

स्थान

ग्राम कांपा, फाफाडीह, और पण्डरी तराई रायपुर, तहसील रायपुर, जिला रायपुर के निम्नलिखित खसरा क्रमांक की लगभग 107.852 एकड़ भूमि का क्षेत्र, जो कि निम्नानुसार है :—

उत्तर में	—	रायपुर-महासमुन्द रेलवे लाईन
दक्षिण में	—	सेन्ट्रल वेयर हाऊस से क्रिश्चियन हास्पिटल तक
पूर्व में	—	क्रिश्चियन हास्पिटल से महासमुन्द रेलवे क्रासिंग तक
पश्चिम में	—	सेन्ट्रल वेयर हाऊस (मण्डी समिति द्वारा प्रस्तावित रोड) से महासमुन्द रेलवे लाईन तक

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. पैकरा, संयुक्त सचिव.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 2 मार्च 2022

क्रमांक/1086/एफ-11/26/2019/14-2.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक/1086/एफ-11/26/2019/14-2 रायपुर दिनांक 02-03-2022 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. पैकरा, संयुक्त सचिव.

Raipur, the 2nd March 2022

No./1086/F-11/26/2019/14-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 5 of the Chhattisgarh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government, hereby, amends this department's vide Notification No. 2337-3971-XIV-III, Bhopal, dated 16th August, 1975 and declares the following places of market yard including any structure, enclosures, open place or locality for which a market has been established by this Department's Notification No. 7721-8503/XIV-1, dated 28th October, 1964, as the sub-market yard, namely :—

PLACE

An area of about 107.852 Acre of land of the following Khasra Number at the villages Kampa, Phaphadih and Pandari Tarai of Raipur Tahsil of Raipur District are as under :—

On the North by	—	Raipur-Mahasamund Railway Line
On the South by	—	Central Ware House to Christain Hospital
On the East by	—	Christain Hospital to Mahasamund Railway Crossing
On the West by	—	Central Ware House (Road proposed by the Mandi Committee) to Mahasamund Railway line.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
K. C. PAIKARA, Joint Secretary.

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 24 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 1-02/2022/10-भा.व.से.—राज्य शासन एतद्द्वारा भारतीय वन सेवा (भर्ती) नियम-1966 के नियम-6(ए) के अंतर्गत निम्नलिखित भारतीय वन सेवा के अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख कॉलम क्रमांक-3 में दर्शाई गई तिथि से वरिष्ठ वेतनमान (Senior Time Scale : Level 11 of the Pay Matrix Rs. 67,700-2,08,700) में नियुक्त करता है :—

क्र. (1)	अधिकारी का नाम (2)	वरिष्ठ वेतनमान में नियुक्ति की तिथि (3)
1.	श्री आलोक कुमार बाजपेयी (2018)	01-01-2022
2.	श्री श्रेजस शेखर (2018)	01-01-2022
3.	श्री शशि कुमार (2018)	01-01-2022
4.	श्री दिनेश कुमार पटेल (2018)	01-01-2022

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 24 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 01-73/2001/10-भा.व.से.—राज्य शासन एतद्द्वारा निम्नलिखित भारतीय वन सेवा अधिकारियों को उनकी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के फलस्वरूप उनके नाम के समक्ष कॉलम-4 में उल्लेखित तिथि को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त करता है :—

क्र. (1)	अधिकारियों का नाम, बैंच, पदनाम एवं पदस्थापना (2)	जन्म तिथि (3)	सेवानिवृत्त तिथि (4)
1.	श्री अभय कुमार श्रीवास्तव (2001)	05-01-1963	31-01-2023
2.	श्री आशीष कुमार भट्ठ (1988)	20-06-1963	30-06-2023
3.	श्री जनक राम नायक (2001)	25-06-1963	30-06-2023
4.	श्री सोबरन सिंह कँवर (2002)	01-07-1963	30-06-2023
5.	श्री अतुल कुमार शुक्ला (1986)	31-08-1963	31-08-2023
6.	श्री संजय शुक्ला (1987)	06-08-1963	31-08-2023
7.	श्री मोहम्मद शाहिद (2001)	25-09-1963	30-09-2023
8.	श्री सुरेश प्रसाद पैकरा (2002)	02-12-1963	31-12-2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जगदीश सोनकर, संयुक्त सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

धमतरी, दिनांक 9 फरवरी 2022

प्रारूप-एक

(नियम 11 देखिये)

क्रमांक/1506/भू-अर्जन/198/2022.—छत्तीसगढ़ भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	ग्राम/नगर (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
धमतरी	नगरी	चिंवर्री (माल.)	0.36 हे.	चिंवर्री-चारभाठा मार्ग के सलेरिया नदी पर उच्चस्तरीय पुल मय पहूंच मार्ग निर्माण कार्य, भू-अर्जन, ग्राम चिंवर्री (माल.).

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 11-02-2022 दिन शुक्रवार को प्रात: 11.00 बजे स्थान कार्यालय ग्राम पंचायत चिंवर्री तहसील नगरी में नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

1.	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	—	चिंवर्री-चारभाठा मार्ग के सलेरिया नदी पर उच्चस्तरीय पुल मय पहूंच मार्ग निर्माण कार्य, हेतु भू-अर्जन, ग्राम चिंवर्री (माल.).
2.	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	02
3.	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	निरंक
4.	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
5.	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
6.	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां
7.	क्या सम्भव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है.	—	हां
8.	परियोजना की कुल लागत	—	रु. 50.00 लाख अनुमानित राशि
9.	परियोजना से होने वाले लाभ	—	प्रस्तावित परियोजना जनहित एवं विकास परियोजना है.
10.	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय.	—	निरंक
11.	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	—	निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पदुम सिंह एल्मा, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

कोरबा, दिनांक 4 फरवरी 2022

प्रारूप-एक
(नियम 11 देखिये)

क्रमांक/1430/भू-अर्जन/2021.—भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	ग्राम/नगर (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
कोरबा	कटघोरा	धंवईपुर	2.016 हे.	रामपुर जलाशय योजना के दांयी तट शाखा नहर निर्माण हेतु

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 4-3-2022 को समय 12.00 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन धंवईपुर पर नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

1.	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	—	रामपुर जलाशय योजना के दांयी तट शाखा नहर निर्माण हेतु.
2.	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	29 परिवार
3.	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	29 परिवार
4.	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
5.	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
6.	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां
7.	क्या सम्भव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है.	—	हां
8.	परियोजना की कुल लागत	—	रु. 8340.45 लाख
9.	परियोजना से होने वाले लाभ	—	रामपुर जलाशय योजना के नहर निर्माण का विस्तार होने से सिंचाई का रकबा प्रभावित होने से फसल की पैदावार में वृद्धि होगी.
10.	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय.	—	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये संभावित उपाय किये जा रहे हैं. तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है.
11.	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	—	निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी.

कोरबा, दिनांक 4 फरवरी 2022

प्रारूप–एक

(नियम 11 देखिये)

क्रमांक/1462/भू–अर्जन/2022.—भूमि–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	ग्राम/नगर (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
कोरबा	कटघोरा	हुंकरा	0.745 हे.	रामपुर जलाशय योजना के दांयी तट मुख्य नहर निर्माण हेतु

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 23–2–2022 को समय 12.00 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन हुंकरा पर नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

1.	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	—	रामपुर जलाशय योजना के दांयी तट मुख्य नहर निर्माण हेतु.
2.	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	14 परिवार
3.	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	14 परिवार
4.	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
5.	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
6.	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां
7.	क्या सम्भव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है.	—	हां
8.	परियोजना की कुल लागत	—	रु. 8340.45 लाख
9.	परियोजना से होने वाले लाभ	—	रामपुर जलाशय योजना के नहर निर्माण का विस्तार होने से सिंचाई का रकबा प्रभावित होने से फसल की पैदावार में वृद्धि होगी.
10.	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय.	—	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये संभावित उपाय किये जा रहे हैं. तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है.
11.	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	—	निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी.

कोरबा, दिनांक 4 फरवरी 2022

प्रारूप-एक

(नियम 11 देखिये)

क्रमांक/1466/भू-अर्जन/2022.—भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	ग्राम/नगर (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
कोरबा	कटघोरा	धंवईपुर	0.124 हे.	रामपुर जलाशय योजना के दांयी तट मुख्य नहर निर्माण हेतु

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 4-3-2022 को समय 12.00 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन धंवईपुर पर नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

1.	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	—	रामपुर जलाशय योजना के दांयी तट मुख्य नहर निर्माण हेतु.
2.	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	03 परिवार
3.	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	03 परिवार
4.	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
5.	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
6.	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां
7.	क्या सम्भव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है.	—	हां
8.	परियोजना की कुल लागत	—	रु. 8340.45 लाख
9.	परियोजना से होने वाले लाभ	—	रामपुर जलाशय योजना के नहर निर्माण का विस्तार होने से सिंचाई का रकबा प्रभावित होने से फसल की पैदावार में वृद्धि होगी.
10.	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय.	—	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये संभावित उपाय किये जा रहे हैं. तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है.
11.	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	—	निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी.

कोरबा, दिनांक 4 फरवरी 2022

प्रारूप–एक
(नियम 11 देखिये)

क्रमांक/1479/भू–अर्जन/2022.—भूमि–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	ग्राम/नगर (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
कोरबा	कटघोरा	बिसनपुर	5.321 हे.	रामपुर जलाशय योजना के बांयी तट शाखा नहर निर्माण हेतु

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 25–02–2022 को समय 12.00 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन बिसनपुर पर नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

1.	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	—	रामपुर जलाशय योजना के बांयी तट शाखा नहर निर्माण हेतु.
2.	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	73 परिवार
3.	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	73 परिवार
4.	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
5.	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
6.	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां
7.	क्या सम्भव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है.	—	हां
8.	परियोजना की कुल लागत	—	रु. 8340.45 लाख
9.	परियोजना से होने वाले लाभ	—	रामपुर जलाशय योजना के नहर निर्माण का विस्तार होने से सिंचाई का रकबा प्रभावित होने से फसल की पैदावार में वृद्धि होगी.
10.	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय.	—	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये संभावित उपाय किये जा रहे हैं. तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है.
11.	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	—	निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी.

कोरबा, दिनांक 4 फरवरी 2022

प्रारूप-एक

(नियम 11 देखिये)

क्रमांक/1486/भू-अर्जन/2022.—भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	ग्राम/नगर (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
कोरबा	कटघोरा	जेंजरा	1.123 हे.	रामपुर जलाशय योजना के दांयी तट शाखा नहर निर्माण हेतु

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 28-02-2022 को समय 12.00 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन जेंजरा पर नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

1.	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	—	रामपुर जलाशय योजना के दांयी तट शाखा नहर निर्माण हेतु.
2.	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	29 परिवार
3.	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	29 परिवार
4.	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
5.	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
6.	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां
7.	क्या सम्भव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है.	—	हां
8.	परियोजना की कुल लागत	—	रु. 8340.45 लाख
9.	परियोजना से होने वाले लाभ	—	रामपुर जलाशय योजना के नहर निर्माण का विस्तार होने से सिंचाई का रकबा प्रभावित होने से फसल की पैदावार में वृद्धि होगी.
